सुरक्षित रहें
पत्रक



# स्मोक अलार्म

यदि आपके घर में आग लग जाती है, तो सक्रिय स्मोक अलार्म आपकी सुरक्षा का पहला कदम है.



छत या दीवार पर ऊँचाई पर लगाएं

## स्मोक अलार्म जान बचाता है

**अगर अलार्म बजता है...**

+ बाहर निकलें और वहीं रहें.
+ कभी भी लोगों या पालतू जानवर के लिए अंदर नहीं जाएँ.
+ यदि आपको धुएं के बीच से निकलना है, तो नीचे झुकें और धुएं के नीचे से रेंगते हुए बाहर निकलें.
+ अपने घर से बाहर निकल कर 911 पर कॉल करें.

**अपने स्मोक अलार्म्स की देख रेख करते हुए उन्हें सक्रिय रखें.**

+ स्मोक अलार्म लगाते समय हमेशा निर्माता के निर्देशों का पालन करें.
+ सोने की हर जगह के बाहर स्मोक अलार्म इंस्टॉल करें.
+ टेस्ट बटन दबाकर रखते हुए प्रत्येक माह अलार्म की जाँच करें.
+ प्रत्येक 10 वर्षों में सभी अलार्म (इलेक्ट्रिकल और बैटरी-संचालित दोनों) बदलें.
+ अलार्म की बैटरी वर्ष में कम से कम एक बार बदलें.
+ सफ़ाई और रखरखाव के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें.

### आग से संबंधित तथ्य

+ नेशनल फ़ायर प्रोटेक्शन एसोसिएशन (NFPA) के अनुसार ठीक से इंस्टॉल किया गया, पूरी तरह से कार्यशील स्मोक अलार्म आग में मरने का जोखिम 60% तक कम करता है.
+ घरेलू आग से होने वाली मौतों में से एक तिहाई से अधिक (38%) ऐसी आग के कारण होती हैं जिनमें स्मोक अलार्म मौजूद नहीं होते (NFPA).
+ आग से होने वाली मौतें आग से नहीं, बल्कि धुएं और जहरीली गैसों में सांस लेने के परिणामस्वरूप होती हैं. इसलिए स्मोक अलार्म की आग के खतरे को जल्दी भांप लेने की सुविधा जीवित रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

**याद रहे, धुआं ऊपर उठता है.**

+ स्मोक अलार्म इंस्टॉल करते समय, उन्हें निर्माता के निर्देशों के अनुसार छत पर या दीवार पर ऊपर लगाएं.
+ आपस में जुड़े स्मोक अलार्म जोड़ने पर विचार करें. इस तरह, यदि एक स्मोक अलार्म बजता है, तो सभी अलार्म बजने लगते हैं, जिससे भागने के लिए अधिक समय मिल जाता है.

**सुनिश्चित करें कि सभी लोग स्मोक अलार्म सुन सकें.**

+ स्मोक अलार्म और चेतावनी संबंधी डिवाइस/एक्सेसरी उन लोगों के लिए उपलब्ध हैं जो बधिर हैं या जिन्हें कम सुनाई देता है, साथ ही जो गहरी नींद में सोते हैं उनके लिए भी उपलब्ध हैं.
+ स्ट्रोब लाइटें या तकिया/बेब शॉकर भी उपलब्ध हैं.

### आग से सुरक्षा संबंधी चेकलिस्ट

क्या...

- ☐ आपके घर के सभी फ़्लोर पर सक्रिय स्मोक अलार्म हैं?
- ☐ आपके सोने के सभी क्षेत्रों के बाहर कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म लगे हैं?
- ☐ आप समय-समय पर अपने अलार्म के बाहर की धूल साफ करते हैं?
- ☐ आपके पास घर में आग से बचने की कोई योजना है और क्या आप समय-समय पर उसका अभ्यास करते हैं?
- ☐ आपके घर का नंबर सड़क से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है?

### योजना और अभ्यास

आपके घर में आग लगने पर उससे बाहर निकलने की योजना बनाएं. हमेशा प्रत्येक कमरे से बाहर निकलने के दो रास्ते जानें.